Postal Reg. No. : XXXXXXXXX

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡدِ

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

वर्ष 2

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

The Weekly BADAR Qadian HINDI

अंक 6

मूल्य 300 रुपए वार्षिक

संपादक शेख़ मुजाहिद अहमद

9 फरवरी 2016 ई

11 जमादिल अव्वल 1438 हिजरी कमरी

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रेहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दोलिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण अपना फ़जल नाज़िल करे। आमीन

यदि मसीह मरियम मेरे ज़माने में होता तो वह काम जो मैं कर सकता हूँ वह कभी न कर सकता और वह निशान जो मुझ से प्रकट हो रहे हैं वह कभी दिखला न सकता

उपदेश हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

" मुझे कसम है उस हस्ती की जिसके हाथ में मेरी जान है कि यदि मसीह मरियम मेरे ज़माने में होता तो वह काम जो मैं कर सकता हूँ वह कभी न कर सकता और वह निशान जो मुझ से प्रकट हो रहे हैं वह कभी दिखला न सकता और ख़ुदा का फज़ल अपने से ज़्यादा मुझ पर पाता। जबकि मैं ऐसा हूँ तो अब सोचो कि क्या स्थान है उस पवित्र रसूल का जिसकी ग़ुलामी की ओर मैं सम्बंधित हूं। "ज़ालेक फज़्ज़लुल्लाह यौतीहो मनश्याओ" इस जगह कोई ईर्ष्या और द्वेष नहीं जाता ख़ुदा जो चाहे करे। जो उसके इरादे का विरोध करता है वह सिर्फ अपने लक्ष्य में नामुराद ही नहीं बल्कि मर कर जहन्नुम का रास्ता लेता है। मारे गए वे जिन्होंने असहाय प्राणी को ख़ुदा बनाया। मारे गए वे जिन्होंने एक चुने हुए रसूल को स्वीकार नहीं किया। मुबारक वह जिसने मुझे पहचाना। ख़ुदा की सब राहों में आख़ीरी राह हूँ और मैं उसके सब नूरों में से अंतिम नूर हूँ। दुर्भाग्यपूर्ण है जो मुझे छोड़ता है क्योंकि मेरे बिना सब अंधेरा है।"

(रूहानी ख़ज़ायन भाग 19 कश्ती नूह, पृष्ठ 24)

122 वां जलसा सालाना कादियान 2016 ई की संक्षिप्त रिपोर्ट (शुरू जलसा से 125 वां साल)

अहमदियत के केंद्र कादियान दारुल अमान में 122 वें जलसा सालाना का सफल और मुबारक आयोजन

मुस्लिम टेलीविज़न अहमदिया द्वारा सय्यदना हज़रत अमीरुल मोमेनीन मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफतुल मसीह अल्ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बेनसरेहिल अज़ीज़ का जलसा सालाना में सम्मिलित लोगों से अन्तिम सत्र में ईमान वर्धक संबोधन

*** 42 देशों से मेहमानों की भागीदारी, 14,242 अहमदियत के परवानो का जलसा में शामिल होना**

*** हुज़ूर अनवर के समापन भाषण के अवसर पर लंदन में 5,230 अहमदियत के परवानों का शामिल होना**

***नमाज़ तहज्जुद* दर्स कुरआन और ज़िक्रे इलाही से परिपूर्ण माहौल * उलमाए कराम की ज्ञान वर्धक तकारीरें *जलसा सर्व धर्म सम्मेलन का आयोजन *महमानों की परिचयात्मक तकारीरें * देशी तथा विदेशी भाषाओं में अनुवाद *अहबाब जमाअत की जानकारी बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण मामलों में वृद्धि के लिए वृत्तचित्र और विभिन्न सूचना सम्बन्धी प्रदर्शनी का आयोजन *नए अहमदियों और मित्रों के लिए तब्लीग़ी जलसा * 26 निकाहों के एलाना *प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जलसा की व्यापक कवरेज *शान्तिमय और सुखद मौसम में जलसा की सारी कार्रवाई का पूरा होना* अलकलम परियोजना का आयोजन *जमाअत अहमदिया इंडोनेशिया से 183 व्यक्ति चार्टर्ड जहाज़ द्वारा जलसा में शामिल हुए। (भाग-3)**

ख़िताब

सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़

तश्शहुद तऊज़ और सूरः फातिहा की तिलावत के बाद सय्यदना हुज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाह तआला बेनस्रहिल अज़ीज ने निम्नलिखित आयत की तिलावत फरमाई:

قُلۡ اِنۡ کُنۡتُمۡ تُحِبُّوۡنَ اللّٰہَ فَاتَّبِعُوۡنِیۡ یُحۡبِبۡکُمُ اللّٰہُ وَ یَغۡفِرۡ لَکُمۡ ذُنُوۡبَکُمۡ ؕ وَ اللّٰہُ غَفُوۡرٌ رَّحِیۡمٌ (आले इमरान: 32)

अनुवाद: तो कह दे, यदि तुम अल्लाह तआला से मुहब्बत करते हो तो मेरा अनुसरण करो अल्लाह तआला तुम से मुब्बत करेगा और तुम्हारे गुनाहों को क्षमा कर देगा और अल्लाह तआला बहुत क्षमा करने वाला (और) बहुत दयालु है।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया: अगर हम चाहते हैं कि अल्लाह की निकटता हासिल हो और वह हमारी दुआओं को सुने तो अल्लाह तआला ने इसके लिए हमें एक सिद्धांत बता दिया कि यह तभी कर सकते हो जब आप रसूल के आदर्श पर चलो और आदर्श पर चलने के लिए यह भी उपकार है कि उसने सहाबा द्वारा वह सब बातें हम तक पहुंचा दीं जिस पर आप (स.अ.व.) का कर्म किया करते थे। यह बात भी समझनी चाहिए कि आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम प्रत्येक वह काम और बात करने वाले थे जो अल्लाह तआला ने कुरआन में वर्णन फरमाई है। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहो अन्हा के यह पूछने पर कि आप के कर्म क्या थे? तीन शब्दों में बता दिया कि "कान ख़ुलुकुहुल कुरआन" कि आप (स.अ.व.) के आचरण वही थे जो क़ुरआन जैसी महान किताब अपने अंदर समेटे हुए है और इस ज़माने में अल्लाह तआला ने और अधिक एहसान करते हुए अपने फरिस्तादे और आँ हज़रत

शेष पृष्ठ 2 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

पृष्ठ 1 का शेष

सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे ग़ुलाम मसीह मौऊद को भेजा जिन्होंने नबियों के स्थान और विशेष रूप से हज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और आप के आदर्श का अधिक एहसास दिया।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया: हज़रत मसीह मौऊद फरमाते हैं कि नबी और रसूल और इमाम दुनिया में इसलिए नहीं आते कि उन्हें अपनी पूजा करवानी होती है बल्कि उनका उद्देश्य ही तौहीद की स्थाप्ना होता है और यह कि लोग उनकी शिक्षा का पालन करें और ख़ुदा भी इसी रूप में उनसे प्यार करेगा। इसीलिए आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को अल्लाह तआला का प्रिय बनने का तरीका यही बताया कि रसूल अल्लाह (स.अ.व.) का सच्चा अनुसरण किया जाए अत: इस बात को याद रखना चाहिए कि ख़ुदा के सच्चे और सादिक दुनिया में तौहीद की स्थापना के लिए नमूना होते हैं।

सब से पहली बात जो नबी सिखाते हैं और जिस का अत्यधिक स्थान रसूलुल्लाह (स.अ.व.) का है वह तौहीद की स्थापना था। यही बात आप (स.अ.व.) ने अपने मानने वालों में पैदा की। सहाबा ने आप (स.अ.व.) से फ़ैज़ पाया और अल्लाह तआला से प्यार और मुहब्बत की गुणवत्ता को देखा जिसने इनमें भी वास्तविक तड़प पैदा कर दी। सहाबा की बहुत बड़ी भूमिका है बल्कि उपकार है इस नमूना को हम तक पहुंचाने का। इस बारे में हुज़ूर अनवर ने हज़रत उमर रज़ि का एक घटना का संदर्भ में उल्लेख किया कि नबी ने फरमाया है कि अल्लाह के सिवा किसी भी प्रकार उचित नहीं। कुछ लोग अपने प्रियजनों की शपथ लेते हैं। ये बातें एकेश्वरवाद से दूर करने वाली हैं।

एक बार एक प्रश्न करने वाले ने पूछा कि या रसूलुल्लाह (स.अ.व.) कोई अपने सम्मान के लिए कोई बहादुरी के लिए कोई मान ग़नीमत के लिए लड़ता इनमें से जिहाद करने वाला कौन होगा? फरमाया कि वह जो इसलिए लड़ता है कि ख़ुदा की बात बुलन्द हो और तौहीद की स्थापना हो वास्तव में वही जिहाद करने वाला होगा।

एक बार मक्का के सरदारों ने बातचीत करने के लिए आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को बुलाया। कहने लगे आप का उद्देश्य धन इकट्ठा करना है तो हम माल देते हैं और देश में सबसे अमीर व्यक्ति बना देते हैं और सरदार बनने की इच्छा है, तो हम आपको अपना सरदार स्वीकार कर लेंगे। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तुम गलत समझे हो मैं ये बातें नहीं चाहता। मुझे ख़ुदा तआला ने नबी बनाकर भेजा है अत: मैंने ख़ुदा का संदेश पहुंचा दिया है अगर स्वीकार करो तो तुम्हारा अपना फायदा है। यदि नहीं तो सबर करो जब तक ख़ुदा तआला फैसला नहीं फरमा दे फिर दुनिया ने देखा कि किस तरह दुनिया में तौहीद की स्थापना हुई।

हुज़ूर अनवर ने कहा: तौहीद की स्थापना की मेराज उस समय होती है जब इबादत के उच्च नमूने कायम हूं। हमारे आक़ा ने इसके भी उच्च नमूने बनाए जिसकी अल्लाह तआला ने यूं गवाही दी الَّذِي يَرَاكَ حِينَ تَقُومُ وَتَقَلُّبَكَ فِي السَّاجِدِينَ अल्लाह कहता है कि तू ने तौहीद की स्थापना से श्रृद्धालुओं की ऐसी जमाअत बना ली जिनकी रातें इबादतों में गुज़रती हैं। जहां हमें तौहीद के लिए तड़प दिखती है वहाँ यह भी नज़र आता है कि आप (स.अ.व.) अपने मानने वालों में ऐसे सजदे करने वाले पैदा करना चाहते थे जो केवल अल्लाह तआला के आगे झुकने वाले हों।

एक बार आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया हर नबी की इच्छा होती है और मेरी इच्छा इबादत करना है। एक सहाबी कहते हैं कि एक बार आप (स.अ.व.) को इबादत करते देखा आप के सीने से ऐसी आवाज़ आ रही थी जैसे हांडी चलने की आवाज़ हो। एक रिवायत है कि जैसे हंडिया उबल रही हो वैसे आवाज़ आती थी। हज़रत आयशा फरमाती हैं कि रातों को जागना मत छोड़ना क्योंकि हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम नहीं छोड़ते थे। जब बीमार हो जाते तो बैठ कर पढ़ा करते। एक बार फरमाया कि बावजूद बीमारी तथा कमज़ोरी के आज रात भी लंबी सूरतें ही पढ़ी हैं।

आपके सहाबा ने यह तड़प देखी और आपके आदर्श को अपनाया तो जो पहले मुशरिक थे ऐसे इबादत करने वाले बने कि बाद में आने वालों के लिए आदर्श बन गए इस बारे में हज़रत मसीह मौऊद कहते हैं कि सहाबा की क्या स्थिति थी और हज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने क्या उन में क्रांति पैदा की? وَيَأْكُلُونَ كَمَا تَأْكُلُ الْأَنْعَامُ س يَبِيتُونَ لِرَبِّهِمْ سُجَّدًا وَقِيَامًا कर दिया जिसकी उदाहरण दुनिया की किसी क़ौम के इतिहास में नहीं मिल सकती। इस सच्चाई को ज़माने को स्वीकार करना पड़ा।

इस ज़माने में इस इंकलाब को पैदा करने के लिए हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को अल्लाह तआला ने भेजा। हमारा भी काम है कि हम अपनी समीक्षा करें और विचार करें। नबी दुनिया में सच्चाई फैलाने के लिए आते हैं और इसमें भी आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का उच्च स्थान है कि दुश्मन भी आप की सच्चाई के प्रशंसक थे। एक बार जब दुश्मनों ने आपस में सलाह किया कि आपको जादूगर प्रसिद्ध किया जाए और झूठा प्रसिद्ध कर दिया जाए तो नजर बिन हारिस ने कहा कि मुहम्मद तुम में जवान हुए और सबसे भरोसेमंद और सच्चे थे। अब जब वह संदेश लेकर आए हैं उस पर तुम कहते हो झूठे हैं। न वे झूठे हैं न जादूगर, न याजक हैं न कवि न मजनून हैं।

एक बार अबु जहेल ने कहा कि मैं तुम्हें झूठा नहीं कहता बल्कि तुम्हारी शिक्षा को कहता हूँ। आं हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने कहा कि मैं इतना समय तुम में रहा तुम ने कभी मुझे झूठा नहीं कह सके क्या आज शिक्षा के संदर्भ में झूठ बोलूँगा जब सारा जीवन सच बोला।

हज़रत मसीह मौऊद फरमाते हैं कि नबियों ने सच्चाई से अपने आप को मनवाया। कुरआन की आयत فَقَدْ لَبِثْتُ فِيكُمْ عُمُرًا مِّنْ قَبْلِهِ की गवाही कुरआन में मौजूद है। अत: उस नबी के मानने वालों को अपनी समीक्षा भी करने की ज़रूरत है कि उनके मानक क्या चाहिए।

आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की एक और विशेषता का उल्लेख करते हुए हज़ूर अनवर ने फरमाया कि ख़ुदा तआला ने आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को जैसे-जैसे सफलता दी उतनी ही विनम्रता बढ़ती गई। एक व्यक्ति आया जो काँपता था और भय खाता था इस को आपने कहा कि मुझसे डरते क्यों हो में तो एक बुढ़िया का पुत्र हूँ।

एक बार आपने फरमाया कि कोई भी अपने कार्यों की वजह से निजात नहीं पाएगा। सहाबा ने पूछा क्या आप भी? आपने फरमाया हां मैं भी सिवाय इसके कि मुझे अल्लाह तआला अपनी रहमत में ले ले। जिसके बारे में अल्लाह कहता है कि उसका हाथ मेरा हाथ है वह अल्लाह तआला से डरने में कितना बढ़ा हुआ है। फरमाया कभी अपने ख़ुदा से विश्वासघात न करो उससे संबंध न छोड़ो।

दुनिया में सफलता पर लोग फिरऔन बनते हैं लेकिन पुर्ण इंसान का आदर्श क्या है? वह शहर जिस ने अन्याय से निकाला और इस्लाम को संसार से मिटाना चाहा। अल्लाह तआला की तकदीर से जब मक्का विजय हुआ और आप (स.अ.व.) ने इस में प्रवेश किया तो किस अवस्ता में? तारीख़ कहती है कि जब विजयी शान से मक्का में आप (स.अ.व.) प्रवेश किया आप की ख़ुशी का दिन था मगर आप (स.अ.व.) ख़ुदा के इन फज़लों पर अभिव्यक्ति की अन्तिम विनम्रता के चरम गुण पर थे ख़ुदा ने जितना ऊंचा क्या आप उतना ही नम्रता से झुकते जाते थे यहाँ तक कि सिर झुकते झुकते ऊंट के कजावे पर लग गया। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम फरमाते हैं कि देखो हमारे नबी ने जब मक्का पर विजय प्राप्त की तो आप ने इस तरह सिर झुकाया जिस तरह दु:ख के दिनों में झुकाते और सिजदा करते थे।

हुज़ूर अनवर ने फरमाया: हुज़ूर स.अ.व. की विशेषताए कई मज्लिसों में भी बयान नहीं हो सकते। एक सुंदर पक्ष आप (स.अ.व.) के उत्तम आदर्श दान है, वह बयान करता हूँ । सहाबा बयान करते हैं कि आप (स.अ.व.) से अधिक दान करने वाला देखा ही नहीं। एक रिवायत में है कि आँ हज़रत (स।) से कुछ अंसार ने मांगा आपने दिया। फिर माँगा फिर दिया और फिर माँगा फिर दिया यहाँ तक कि जो कुछ था समाप्त हो गया। फरमाया कि मेरे पास जो माल होता है तुम से रोक नहीं रखता। एक बार नब्बे हजार दिरहम बांट दिए। बकरयों का इतना बड़ा रेवड़ दिया जो एक घाटी में भरा हुआ था। मस्जिद में बहरीन से आने वाले माल का ढेर लगा दिया और नमाज़ के बाद सब माल बंटवा दिया। कभी कभी बद्दू भी बड़े कर्कश शैली में मांगते थे लेकिन हुज़ूर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम इसे नज़र अंदाज करके उन्हें दिया करते थे।

हज़रत मसीह मौऊद कहते हैं कि नबियों में तंगी का ज़माना भी आता है और सुविधा का भी तो उनके आदर्श सामने आते हैं। ताकत और शक्ति में माफ करना है मूल विशेषता है। ताकत और सत्ता होना इसलिए ज़रूरी है ताकि माफ करने की विशेषता को दिखाया जा सके। जब कमज़ोरी और सत्ता दोनों ही उपलब्ध हों तब ही ऐसा संभव है कि दोनों प्रकार के आचरण प्रकट हों। इस बारे में सबसे पहले कदम ख़ातुर्मरसुल का है जिन पर दोनों स्थितियाँ आईं जिनमें सभी आचरण सूर्य के समान प्रकट हो गए।

शुक्र करना एक और उच्च विशेषता है जो उच्चतम गुणवत्ता आप के उस्वा में नज़र आता है। आप ने ख़ुदा के शुक्र और बन्दों के शुक्र के उच्चतम नमूने स्थापित किए हैं। यहां तक कि आप (स.अ.व.) पहली बारिश की बूंदें ज़बान पर लिया करते

शेष पृष्ठ 8 पर

ख़ुत्बः जुमअः

आज दुनिया में कोई ऐसा गिरोह नहीं है कोई ऐसी जमाअत नहीं है जिस के सदस्य और व्यक्ति दुनिया के हर शहर और हर देश में एक उद्देश्य के लिए एक हाथ पर जमा होकर अपने धन खर्च करने के लिए प्रस्तुत कर रहे हैं और वे लक्ष्य भी धर्म का प्रकाशन और समाज सेवा के उद्देश्य हो। हां केवल एक जमाअत है जो यह काम कर रही है और वह जमाअत है जो अल्लाह तआला ने इस उद्देश्य के लिए स्थापित की है वह जमाअत है जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे ग़ुलाम की जमाअत है वह जमाअत है जो मसीह मौऊद और महदी मौऊद की जमाअत है जिसके सुपुर्द इस्लाम के सारी दुनिया में स्थापना का काम है जो पिछले लगभग 128 साल से इस्लाम की सेवा और मानवता की सेवा के लिए अपना माल क़ुरबान कर रही है और यह इसलिए कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इस जमाअत को कुरआन की शिक्षा के प्रकाश में माल के सही खर्च और माल की कुरबानी का एहसास प्रदान फरमाया है।

कई लोगों के उदाहरण हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने अपनी पुस्तकों और मलफूज़ात में वर्णन किए हैं जिन्होंने अपनी आवश्यकताओं की परवाह न करते हुए धार्मिक कामों के लिए बढ़ चढ़ कर कुरबानी कीं।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम जमाअत के लोगों को इस कुरबानी की जाग ऐसी लगी है कि एक के बाद दूसरी पीढ़ी कुरबानी करती चली जा रही है, लेकिन जो लोग दूर देशों के रहने वाले हैं बाद में आकर शामिल हुए हैं और हो रहे हैं वे भी उन बुज़ुर्गों की कुरबानी जब सुनते हैं या फिर यह सुनते हैं कि अमुक उद्देश्य के लिए कुरबानी की ज़रूरत है और अल्लाह तआला के वादे को सुनकर फिर कुरबानी की भावना को समझते हैं वह भी ऐसे ऐसे उदाहरण पेश करते हैं कि आश्चर्य होता है। अमीरों से अधिक औसत दर्जे के लोग और ग़रीब हैं जो कुरबानी करते हैं और अद्भुत नमूने दिखाते हैं।

दुनिया के विभिन्न देशों के अहमदियों की आर्थिक कुरबानी और समय के ख़लीफा की आवाज़ पर लब्बैक कहने के अत्यधिक प्रकाशित और अनुसरण योग्य उदाहरणों का ईमान वर्धक वर्णन।

वक्फे जदीद के 60 वें साल के आरम्भ की घोषणा।

वक्फे जदीद में पिछले साल विश्वव्यापि जमाअत अहमदिया के लोगों ने 80 लाख 20 हज़ार पाउंड की कुरबानी प्रस्तुत की। इस साल भी पाकिस्तान दुनिया की जमाअतों में समग्र वसूली के मामले में शीर्ष पर ही है।

विभिन्न देशों की वक्फ जदीद में कुरबानी का विभिन्न दृष्टियों से समीक्षा अग्रणी कुरबानी करने वाले देशों और जमाअतों का वर्णन। वक्फ जदीद में शामिल होने वाले देशों की संख्या में वृद्धि की तरफ विशेष ध्यान देने की ताकीद।

वे सभी देश भी शामिल होने की संख्या पर ध्यान दें जिनके पिछले साल की तुलना में कमी हुई है और अपनी कमज़ोरियों की समीक्षा करें लोगों में कमजोरियां नहीं काम करने वालों में कमज़ोरी है।

अल्लाह तआला उन सभी कुरबानी करने वालों के मालों और नफ़सों में अपार बरकत डाले और भविष्य में संबंधित अधिकारियों को भी सक्रिय करे कि वह अपना सही काम कर सकें और जो कमियां हैं उन्हें पूरा करने की कोशिश विशेष रूप से शामिल होने वालों में अधिक वृद्धि होना चाहिए। ठीक है पैसे तो बढ़ते हैं लेकिन हर एक को शामिल करना भी आवश्यक है चाहे थोड़ी रकम दे कर शामिल हों।

आदरणीया अस्मा ताहिर साहिबा पत्नी साहिबज़ादा मिर्ज़ा ख़लील अहमद साहिब और आदरणीय चौधरी हमीद नसरुल्लाह साहिब भूत पूर्व अमीर ज़िला लाहौर तथा सदर फज़ल उमर फाऊंडेशन की वफात, मरहूमीन का ज़िक्रे ख़ैर और नमाज़ जनाज़ा ग़ायब।

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़,
दिनांक 6 जनवरी 2017 ई. स्थान - मस्जिद बैतुलफ़ुतूह, मोर्डन, यू.के.

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ ۔اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ ۔ غَيْرِالْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَاالضَّآلِّيْنَ ۔

दुनिया में मनुष्य निजी संतोष के लिए भी, व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए भी धन खर्च करता है और कभी दान भी कर देता है लेकिन आज दुनिया में कोई ऐसा गिरोह नहीं है कोई ऐसी जमाअत नहीं है जिस के सदस्य और व्यक्ति दुनिया के हर शहर और हर देश में एक उद्देश्य के लिए एक हाथ पर जमा होकर अपने धन खर्च करने के लिए प्रस्तुत कर रहे हैं और वे लक्ष्य भी धर्म का प्रकाशन और समाज सेवा के उद्देश्य हो। हां केवल एक जमाअत है जो यह काम कर रही है और वह जमाअत है जो अल्लाह तआला ने इस उद्देश्य के लिए स्थापित की है वह जमाअत है जो आँ हज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सच्चे ग़ुलाम की जमाअत है वह जमाअत है जो मसीह मौऊद और महदी मौऊद की जमाअत है जिसके सुपुर्द इस्लाम के सारी दुनिया में स्थापना का काम है जो पिछले लगभग 128 साल से इस्लाम की सेवा और मानवता की सेवा के लिए अपना माल क़ुरबान कर रही है और यह इसलिए कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने इस जमाअत को कुरआन की शिक्षा के प्रकाश में माल के सही खर्च और माल की कुरबानी का एहसास प्रदान फरमाया है। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम एक जगह फरमाते हैं कि

"बार बार ताकीद करता हूँ कि अल्लाह तआला की राह में खर्च करो यह अल्लाह तआला के आदेश से है" (यह अल्लाह तआला के आदेश से है) "क्योंकि इस्लाम इस समय पतन की स्थिति में है बाहरी और आंतरिक कमज़ोरियों को देखकर तबीयत व्याकुल हो जाती है और इस्लाम दूसरे विरोधी धर्मों का शिकार बन रहा है।" फरमाया "जब यह हालत हो गई है तो क्या इस्लाम की तरक्की के लिए हम कदम न उठाएं। अल्लाह तआला ने इसी उद्देश्य के लिए तो सिलसिले को स्थापित किया है। इसलिए इसकी तरक्की के लिए कोशिश करना यह अल्लाह तआला के आदेश और इच्छा का अनुपालन है।"

फिर फरमाया "ये वादे भी अल्लाह तआला की तरफ से हैं कि जो व्यक्ति ख़ुदा तआला के लिए देगा मैं उस को कुछ गुना बरकत दूंगा। दुनिया में ही उसे बहुत कुछ मिलेगा और मरने के बाद आख़िरत का बदला भी देख लेगा कि कैसे आराम मिलते हैं। अत: इस समय मैं इस बात की तरफ आप सभी को ध्यान दिलाता हूँ। आप फरमाते हैं कि "मैं इस बात की तरफ आप सभी को ध्यान दिलाता हूं कि इस्लाम की तरक्की के लिए अपने मालों को खर्च करें।" (मल्फूज़ात भाग 393-394)

अत: आपके सहाबा ने इस बात को समझा और अपने माल धार्मिक प्रयोजनों के लिए पेश किए जिसका उल्लेख भी कई मौकों पर आपने फ़रमाया कि कैसे आप के मानने वाले वित्तीय कुरबानी में बढ़ने वाले हैं। जैसे मिनारतुल मसीह के निर्माण के लिए जब तहरीक हुई। बहुत सारी तहरीकें आप फ़रमाते थे। साहित्य प्रकाशन के लिए और दूसरी कुछ प्रयोजनों के लिए इसी तरह मिनारतुल मसीह के लिए भी जब आप ने तहरीक की तो मुंशी अब्दुल अज़ीज़ पटवारी ने जो कुरबानी की इस का उल्लेख करते हुए बल्कि दो व्यक्तियों अब्दुल अज़ीज़ और शादी खान साहिब का उल्लेख फरमाया। आप फरमाते हैं कि "मेरी जमाअत में से दो ऐसे ईमानदार लोगों ने इस काम के लिए चंदा दिया है जो बाकी दोस्तों के लिए वास्तव में ईर्ष्या के स्थान पर हैं। एक उनमें से मुंशी अब्दुल अज़ीज़ नाम है। ज़िला गुरदासपुर में पटवारी हैं जिन्होंने बावजूद अपनी कम दौलत के सौ रुपया इस काम के लिए चंदा दिया है और मैं समझता हूं कि यह सौ रुपया कई साल की उनकी जमा पूंजी होगी।" फरमाया कि "यह इसलिए अधिक सराहनीय हैं कि अब वह एक और काम में भी एक सौ चंदा दे चुके हैं।" फिर फरमाया कि "अन्य श्रृद्धालु जिन्होंने इस समय बड़ी शक्ति दिखलाई है मियां शादी खान लकड़ी व्यापारी निवासी स्यालकोट हैं। अब वह एक काम में डेढ़ सौ रुपये चंदा दे चुके हैं और अब इस काम के लिए दो सौ रुपये चंदा भेज दिया है और यह वह अल्लाह तआला पर भरोसा करने वाला व्यक्ति है कि अगर घर के हर तरह देखा जाए तो शायद सारी संपत्ति पचास रुपए से अधिक नहीं हो" फरमाया कि "उन्होंने लिखा है कि क्योंकि इन दिनों अकाल हैं और दुनियावी व्यापार में साफ विनाश दिखता है तो बेहतर है हम धार्मिक व्यापार कर लें इसलिए जो कुछ अपने पास था सब भेज दिया।" (उद्धरित मजमूआ इश्तेहारात जिल्द 3 पृष्ठ 314-315)

इसी तरह और कई लोगों के उदाहरण हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम ने अपनी पुस्तकों और मलफूज़ात में वर्णन किए हैं जिन्होंने अपनी आवश्यकताओं की परवाह न करते हुए धार्मिक कामों के लिए बढ़ चढ़ कर कुरबानी कीं।

हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की जमाअत के लोगों को इस कुरबानी की जाग ऐसी लगी है कि एक के बाद दूसरी पीढ़ी कुरबानी करती चली जा रही है, लेकिन जो लोग दूर देशों के रहने वाले हैं बाद में आकर शामिल हुए हैं और हो रहे हैं वे भी उन बुज़ुर्गों की कुरबानी जब सुनते हैं या फिर यह सुनते हैं कि अमुक उद्देश्य के लिए कुरबानी की ज़रूरत है और अल्लाह तआला के वादे को सुनकर फिर कुरबानी की भावना को समझते हैं वह भी ऐसे ऐसे उदाहरण पेश करते हैं कि आश्चर्य होता है। अमीरों से अधिक औसत दर्जे के लोग और ग़रीब हैं जो कुरबानी करते हैं और अद्भुत नमूने दिखाते हैं। उन्हें यह नहीं होता कि हमारी मामूली सी कुरबानी का क्या फर्क पड़ेगा बल्कि वह अल्लाह तआला के वादा को समझते हैं कि जो अल्लाह तआला ने फरमाया कि

وَ مَثَلُ الَّذِيْنَ يُنْفِقُوْنَ اَمْوَالَهُمُ ابْتِغَآءَ مَرْضَاتِ اللّٰهِ وَ تَثْبِيْتًا مِّنْ اَنْفُسِهِمْ كَمَثَلِ جَنَّةٍۭ بِرَبْوَةٍ اَصَابَهَا وَابِلٌ فَاٰتَتْ اُكُلَهَا ضِعْفَيْنِ ۚ فَاِنْ لَّمْ يُصِبْهَا وَابِلٌ فَطَلٌّ ؕ وَ اللّٰهُ بِمَا تَعْمَلُوْنَ بَصِيْرٌ

(सूरह अल्बकर:266)

और उन लोगों के उदाहरण जो अपने माल अल्लाह तआला की ख़ुशी चाहते हुए और अपने नफ़सो में से कुछ दृढ़ता देने के लिए खर्च करते हैं ऐसे बाग़ का है जो ऊंची जगह पर स्थित है और उसे तेज़ वर्षा पहुंचे तो वह बढ़ चढ़ कर अपना फल लाए और अगर यह तेज़ बारिश न पहुंचे तो ओस ही बहुत हो और अल्लाह तआला इस पर जो तुम करते हो गहरी नज़र रखने वाला है।

तो यह गरीब लोगों की यह कुरबानी "तुल" अर्थात ओस की तरह है। यह ज़रा सी नमी जो उनकी मामूली सी कुरबानी से धर्म के बाग़ को मिलती है वह अल्लाह तआला की कृपा से असंख्य फल लाती है। हम देखते हैं कि बावजूद हम एक ग़रीब जमाअत के दुनिया में हर जगह इस्लाम के प्रकाशन और समाज सेवा के काम कर रहे हैं और फिर अल्लाह तआला की कृपा से हमारे कामों में बरकत भी है अल्लाह तआला इतना देते हैं कि दुनिया हैरान है कि इतने थोड़े संसाधन तुम इतना काम कैसे कर लेते हो। यह इसलिए होते हैं कि यह कुरबानी करने वाले लोग हैं, जो उन लोगों में शामिल होने की कोशिश करते हैं जिन का उदाहरण अल्लाह तआला ने इस तरह दिया है फरमाया कि يُنْفِقُوْنَ اَمْوَالَهُمُ ابْتِغَآءَ مَرْضَاتِ اللّٰهِ अपने माल अल्लाह तआला की ख़ुशी चाहते हुए खर्च करते हैं और जब अल्लाह तआला की ख़ुशी उद्देश्य हो तो फल भी लगते हैं बरकत भी पड़ती है। जैसा कि मैंने कहा उन कुरबानियों के आज भी उदाहरण हैं बल्कि असंख्य उदाहरण हैं उनमें से कुछ प्रस्तुत करता हूँ।

कादियान से हज़ारों मील दूर रहने वाली एक बच्ची जब अहमदियत और सच्चे इस्लाम की आगोश में आती है तो उसकी सोच कैसे बदल जाती है और कुरबानी का उसे क्या एहसास हो जाता है इस की घटना उस बच्ची के मुंह से सुन लें। युगांडा में रहने वाली यह बच्ची है अनपढ़ नहीं बल्कि विश्वविद्यालय में पढ़ रही है। कहती है कि पिछले जुलाई में मुझे विश्वविद्यालय के प्रवेश से पहले कुछ चीज़ें खरीदनी थीं लेकिन इसके लिए राशि अपर्याप्त थी और चंदा भी बकाया था। अत: मैंने राशि चंदे के लिए दे दी। मेरा दृढ़ विश्वास था कि अल्लाह तआला ज़रूर मेरी मदद करेंगे और मैं संतुष्ट थी कि मैंने अपना चंदा अदा कर दिया। एक महीने के बाद जब अब विश्वविद्यालय खुलने में तीन दिन बाकी थे तो मेरी एक आंटी ने मेरी माँ को फोन किया कि मैं कब विश्वविद्यालय जा रही हूँ और मुझे अपने घर बुलाया जब शाम को उनके घर गई तो उन्होंने मुझे कुछ पैसे पकड़ाए जो मेरी विश्वविद्यालय की आवश्यकताओं से बहुत अधिक थे और यह राशि चंदा में दी गई राशि से दस गुना अधिक थी। इस तरह अल्लाह तआला ने मेरी दुआ सुनी और ऐसी जगह से मेरी मदद की, जहां से मुझे उम्मीद नहीं थी।

फिर भारत के ही एक साहिब हैं उनके बारे में वहाँ के इन्सपैक्टर कमर दीन साहिब लिखते हैं कि केरल की जमाअत मनजीरी से एक साहिब टी.के का कारोबार हैं। कहते हैं उनके पास चंदा वक्फ जदीद की वसूली के लिए उनकी दुकान पर गया तो कहने लगे उनका काफी पैसा फंसा हुआ है इसलिए बहुत दिक्कत पेश आ रही है लेकिन इसके बावजूद उन्होंने ने एक भारी राशि का चेक देते हुए कहा कि इस समय तो खाते में इतने पैसे नहीं हैं मगर दुआ करें कि विनीत शीघ्र से शीघ्र इस की अदायगी कर सके। कहते हैं अगले दिन ही उनका फोन आया कि अल्लाह तआला की कृपा से चेक देने के बाद मेरे खाते में काफी बड़ी राशि आ गई है इसलिए आप अपना चेक कैश करा लें और कहने लगे कि यह सिर्फ चंदे की बरकत से है कि इतनी जल्दी अल्लाह तआला ने यह सामान पैदा कर दिया।

फिर पूर्वी अफ्रीका के एक देश तंज़ानिया में रहने वाली एक विधवा महिला का उदाहरण है जिसके बारे में तंजानिया के अमीर साहिब लिखते हैं कि अरिंगा टाऊन के मुअल्लिम साहिब एक विधवा महिला अमीना के पास चंदा वक्फ जदीद लेने के लिए गए तो उन्होंने बड़े दुखी मन से कहा कि इस समय उन के पास कुछ नहीं मगर जैसे ही कहीं से प्रबंध हुआ तो मैं लेकर ख़ुद उपस्थित हो जाऊँगी। मुअल्लिम साहिब अभी घर नहीं पहुंचे थे कि वह महिला दस हज़ार शिलिंग लेकर उपस्थित हुई और बताया कि यह राशि कहीं से आई थी तो सोचा कि आप को दे आऊँ। पहले चंदा अदा करूं अपने खर्च बाद में पूरे करूंगी। कहने लगी मेरा वादा पच्चीस हज़ार का है शेष पंद्रह हज़ार भी जैसे ही मुझे मिले मैं ले कर आ जाऊंगी तो दस मिनट के बाद फिर वह पैसे लेकर आ गईं और उन्होंने कहा कि अल्लाह तआला का व्यवहार देखें कि दस हज़ार जो उसके रास्ते में देकर गई थी अभी घर नहीं पहुंची थी कि अल्लाह तआला ने मुझे पैंतीस हज़ार भिजवा दिए और जिस में से पंद्रह हज़ार बकाया चंदा अदा करने के बाद भी मेरे पास बीस हज़ार बच जाते हैं यह केवल अल्लाह तआला की दी रकम है और चंदे की बरकत है और इस तरह उनका ईमान बढ़ा।

फिर सेंट्रल अफ्रीका का एक देश कांगो है। वहां के लोगों में कैसे कुरबानी की भावना स्थापित हुई और कितनी कुरबानी की भावना है इसका एक उदाहरण देता हूं। वहां के मुबल्लिग़ रमीज़ साहिब लिखते हैं कि कालों मबाई जमाअत के एक दाई इलल्लाह सईदी साहिब आसपास के पांच जमाअतों का दौरा करते हैं। तब्लीग़ करते हैं। आजकल वहाँ हालात ख़राब हैं देश और सुरक्षा की भयावह परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपने क्षेत्र की सारी जमाअतों का दौरा किया। सफर करने के लिए पुण्य प्राप्त करने के लिए किराया भी बावजूद अच्छी स्थिति न होने के अपनी जेब से अदा किया। इसी तरह सफर में उन्होंने 53 हज़ार चंदा वक्फ जदीद भी इकट्ठा किया और जमा कराया। कहने लगे कि मैं एक पुराना अहमदी हूँ और मुझे युवाओं के लिए नमूना होना चाहिए। अब पुराने अहमदी वहाँ कितने पुराने होंगे।? पंद्रह बीस साल अधिक से अधिक। उनकी उम्र साठ साल से अधिक है लेकिन बड़ी मेहनत से एक तो तब्लीग़ का काम कर रहे हैं दूसरे साथ साथ चंदे की ओर भी लोगों को ध्यान दिलाते हैं। यह रूह है जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम को मानने के

बाद उन लोगों में पैदा हुई दूर दराज़ के क्षेत्रों में रहते हैं। उन क्षेत्रों में सड़कों की सुविधाएं भी नहीं हैं बल्कि वहां सड़कें नहीं हैं ज्यादातर पानी का इलाका है इसलिए नावों पर सफर किए जाते हैं और बड़ी लंबी दूरी है।

फिर पश्चिमी अफ्रीका के एक देश बेनिन के एक अहमदी का नमूना देखें। जिसे अहमदी हुए अभी साल भी नहीं हुआ लेकिन कुरबानी की भावना का एहसास किस गुणवत्ता की है बल्कि यह पुरानों के लिए भी नमूना है। वहाँ के मुबल्लिग़ मुज़फ्फर साहिब लिखते हैं कि करतोनिय क्षेत्र के एक गांव काम्बे में इस साल जमाअत की स्थापना हुई। यहां के निवासी सामान्य रूप में मछलियां पकड़ कर बेचते हैं। मछुआरे हैं और इसी पर उनका गुज़र बसर है। लोकल मिशनरी ने ग्रामीणों को चंदे की तहरीक की तो एक अहमदी दोस्त जो वित्तीय लिहाज़ से कमज़ोर हैं उन्होंने तुरंत तहरीक पर लब्बैक कहते हुए एक हज़ार फ्रैंक की राशि भेंट कर दी और कहने लगे कि मेरे हालात इतने अच्छे नहीं लेकिन मैं नहीं चाहता कि जिस जमाअत में शामिल हुआ हूं उस की कोई तहरीक हो और इसमें शामिल होने से रह जाऊं।

फिर ख़िलाफत के सम्बन्ध और ख़ुत्बा का लोगों पर असर कैसे पड़ता है और फिर कुरबानी की तरफ ध्यान कैसे पैदा होता है इसका उदाहरण पश्चिमी अफ्रीका के देश बुर्किना फासो के कुछ युवाओं का है। देखें अभी अहमदी हुए उन्हें अधिक समय नहीं हुआ लेकिन गुणवत्ता क्या हैं? अमीन बलोच साहिब मुरब्बी हैं लिखते हैं कि वहाँ बतुरा क्षेत्र में जब मैंने 30 दिसंबर 2016 ई को पिछले साल का अंतिम ख़ुत्बा दिया था और नए साल की शुरुआत के बारे में जो ख़ुत्बा दिया था, उसे सुनकर कुछ युवा जो अभी नए अहमदी हुए हैं और कुछ पुराने भी ख़ुत्बा के तुरंत बाद घर गए और जो कुछ नव वर्ष समारोह के लिए एकत्र किया गया था। वह लाकर वक्फ जदीद में दे दिया और कहा कि चूंकि समय के ख़लीफा ने हमें नए साल का जश्न मनाने के तरीका बता दिया है इसलिए हम यह राशि चंदा में देते हैं और रात में तहज्जुद अदा करके नया साल मनाएंगे। इस तरह उस दिन उन्होंने लगभग छिहत्तर हज़ार फ्रैंक सीफह चंदा दिया।

फिर पश्चिमी अफ्रीका के ही एक देश आइवरी कोस्ट के एक छोटे से गांव की नई जमाअत के लोगों की कुरबानी देखें। वहाँ के बवाके क्षेत्र के मुअल्लिम मामादो साहिब लिखते हैं कि हमारे क्षेत्र के एक गांव नियावोगो के लोग इसी साल जमाअत अहमदिया में शामिल हुए। अभी एक साल हुआ है। कहते हैं मैंने उन नए बैअत करने वालों को वक्फ जदीद में शामिल होने और सालाना जलसा में शामिल होने की तहरीक की। इन नए अहमदियों को बताया कि समय के ख़लीफा ने यह कहा है कि सभी अहमदी वक्फ जदीद और तहरीक जदीद में शामिल हों। कहते हैं कि मुझे लगता था कि शायद कुछ लोग थोड़ा चंदा अदा कर दें क्योंकि ग़रीबी बहुत अधिक है लेकिन स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत निकली। इस गांव के लगभग हर व्यक्ति ने अपना चंदा वक्फ जदीद अदा किया बल्कि एक दोस्त ने न केवल चंदा वक्फ जदीद अदा किया बल्कि छह सौ किलोमीटर सफर करके जलसा सालाना में भाग भी लिया और आबी जान आए।

फिर कुरबानी का एक उदाहरण और अल्लाह तआला का व्यवहार देखें। तंज़ानिया से यूसुफ उस्मान साहिब मुबल्लिग़ लिखते हैं कि एक अहमदी भाई पैर से विकलांग हैं। इस विकलांगता के कारण कोई काम आदि नहीं कर सकते। तंज़ानिया के हर क्षेत्र में अब तक बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं है, इसलिए कुछ लोग छोटे सौर पैनल लेकर अपने घर पर एकाध बल्ब जलाने का प्रबंधन करते हैं। हमारे यह अहमदी भाई भी छोटे सौर पैनल लेकर लोगों के मोबाइल चार्ज करके गुज़ारा करते हैं और जो भी थोड़ी बहुत आमदनी हो उसके अनुसार नियमित चंदा अदा करते हैं। एक दिन हमारे मुअल्लिम ने उन्हें चंदा अदा करने की ओर ध्यान दिलाया तो कहने लगे कि मुझे पिछले दो दिन में दो हज़ार शिलिंग आमदनी हुई है। अल्लाह तआला की राह में यही अदा कर देता हूँ। मुअल्लिम साहिब ने उन्हें कहा कि आप यह सब राशि चंदे के रूप में अदा कर देंगे तो घर में बच्चों को क्या खिलाएंगे?। कहने लगे कि अल्लाह रज्जाक है वह ख़ुद ही व्यवस्था कर देगा। फिर मुअल्लिम साहिब कहते हैं कि अभी मैंने यह रसीद काटी ही थी कि बहुत सारे लोग उनके पास मोबाइल चार्ज करवाने के लिए आए और उन्हें उस से अधिक आमदनी हुई जितना उन्होंने ने चंदा अदा किया था। उस पर अहमदी भाई ने मुअल्लिम साहिब से कहा कि आपने देखा कि अल्लाह तआला ने चंदा देने में कितनी बरकत दी है कि इस समय इससे बढ़कर राशि लौटा दी है

फिर कैसे कुरबानी के साथ अल्लाह तआला कुरबानी करने वालों को सम्मानित करता है और उनके ईमान में वृद्धि करता है। इस का यह एक और उदाहरण है। तंज़ानिया के क्षेत्र शियांगा के एक जमाअत के एक दोस्त के बेटे को गंभीर मलेरिया हो गया और उसकी जेब में इलाज के लिए केवल पंद्रह सौ शिलिंग थे। सैक्रेटरी माल उनके घर गए और चंदे की ओर ध्यान दिलाया तो उन्होंने तुरंत जेब से ही पैसे निकाल सैक्रेटरी माल को दे दी। यह दोस्त कहते हैं कि पहले तो मुझे ख्याल आया कि बेटे की दवाई के पैसे कहां से आएंगे लेकिन फिर मैंने कहा कि अल्लाह तआला के रास्ते में दिया है तो अल्लाह तआला ख़ुद ही व्यवस्था कर देगा तो कुछ ही देर बाद दूसरे शहर से इन के बड़े बेटे ने फोन किया कि मैं अस्सी हज़ार शिलिंग भेज रहा हूँ और यह पैसे उसी दिन उन्हें मिल गए। बच्चे का इलाज भी हो गया दूसरे काम हो गए जो उनकी ज़रूरतें भी पूरी हो गईं और कहते हैं कि अल्लाह तआला ने उस से कई गुणा मुझे दे दिया और अब यह घटना वे दूसरों को भी सुनाते हैं और चंदे का महत्त्व वहां के स्थानीय लोगों को जो अहमदी हैं उन पर स्पष्ट करते हैं।

